आदर्श बाल निकेतन में फन-फेयर का आयोजन

फोटो : रामनिवास सोनी

झुंझनूं 23 फरवरी। झुंझुनूं प्रगति सघं मुम्बई द्वारा सचांलित आदर्श बाल निकेतन उच्च मा. विद्यालय में शनिवार प्रात: 11 बजे विद्यार्थियो द्वारा फन-फेयर 'एडफिथस्टा' 2013 का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा तरह -तरह की स्टाले लगाई गयी जिसमें गेम्स, ईटबलस, विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ठ व्यंजनो की स्टॉलस मुख्य थी। फन -फेयर का मुख्य आर्कषण बच्चों के लिए मिंकी माऊस का झूला और डॉस तथा बैंड प्रदर्षन रहा। फन-फेयर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि लायन्स क्लब झुंझनूं के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र अग्रवाल एंव कैलाश सिंधानिया, अग्रवाल समाज एंव मारवाडी युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप पाटोदिया, दोरादास के मुकेश सिंह, बडांगाव निवासी अंकलेश्वर प्रवासी कृष्णमुरारी टिबडेवाल, मधुसुदन टिबडेवाल ने किया। अतिथियो के आगमन पर उनका स्कूली छात्राओ ने तिलकार्चन कर स्वागत किया तथा उनके द्वारा विधालय प्रांगण मे स्थापित आदर्श सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। फन-फेयर के सफल आयोजन से प्रभावित होकर अतिथि कृष्णमुरारी टिबडेवाल, मधुसुदन टिबडेवाल ने फन-फेयर में आने वाली स्टॉल्स प्रथम, द्वितिय, तृतीय एंव दो सात्वंना नगद पुरुस्कार क्रमश: 2100, 1500, 1100 एंव 500-500 रुपये दिये जाने की धोषणा की जिसकी प्रबन्ध समिति ने सराहना की। समारोह में आये हुए अतिथियो का स्वागत उद्बोधन हरिश तुलस्यान ने दिया, कार्यक्रम का सफल सचांलन स्कुल अध्यापिका श्रीमती अनीता महमिया ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन स्कूल प्राचार्य योगेश शर्मा ने दिया। इस अवसर पर कार्यकारिणी कोषाध्यक्ष दिनेश चन्द्र अग्रवाल एडवोकेट, सीए मनीष अग्रवाल, सदस्य गीलूराम मोदी, डी.एन.तुलस्यान एंव प्रबन्ध समिति सचिव परमेश्वर हलवाई, प्राचार्या श्रीमती मधु शर्मा, प्रबन्ध समिति सदस्य एंव कैलाश खटोड, गणमान्यजन सहित स्कूल स्टाफ एंव अन्य जन उपस्थित थे।

मारवाडी युवा मंच के प्राणिक हीलिंग कैम्प में अनेक लाभान्वित

फोटो : रामनिवास सोनी

झुंझनूं 22 फरवरी । मारवाडी युवा मंच झुंझुनूं द्वारा नि:शुल्क प्राणिक हीलिंग शिविर शुक्रवार को मोदी रोड स्थित गंगाराम अतिथि भवन में प्रात:10 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक लगाया गया। शिविर में आये हुए अनेको रोगियो ने प्राणिक हीलिंग पद्वति जो कि एक आधुनिक, वैज्ञानिक और उर्जाशक्ति जिकित्सा पद्वति है जिसमें बिना स्पर्श, बिना दवा, बिना दर्द और बगैर किसी साइड ईफेक्ट के कारगर चिकित्सा है बहुत ही उपयोगी है इसके निरन्तर करने से शरीर की बीमारियो का ईलाज तो होता ही है साथ ही व्यक्ति की एकाग्रता में वृद्वि होती है, दिमाग तीव्रता के साथ विकसित होता है, साथ ही मनको भी शांत व एकाग्र बनाया जा सकता है का लाभ उठाया। शिविर में मुम्बई प्रवासी राजेश मोदी-योग विघा प्राणिक हीलिंग केन्द्र मुम्बई ने अपनी नि:शुल्क सेवाएं प्रदान की। शिविर में आये हुए लाभार्थीयो से जानकारी प्राप्त करने पर अधिंकाश महिलाओ एंव पुरुषो ने अपनी सम्बन्धित बिमारीयो से बगैर दवा से हुए ईलाज से सन्तुष्टि जाहिर की। जानकारी देते हुए मंच अध्यक्ष सीए अश्विनी अग्रवाल एंव संयोजक परमेश्वर हलवाई ने बताया कि अब 23 एंव 24 फरवरी को दो दिवसिय ट्रेनिंग कार्यक्रम भी रजीस्ट्रेशन के द्वारा प्रात: 9 बजे से सांयकाल 6 बजे तक किया जावेगा जिसके लिए इच्छुक व्यक्ति मंच सयोंजक से सम्पर्क कर सकते है। शिविर को सफल बनाने मे मंच सचिव आशीष कानोडिया, कोषाध्यक्ष सीए भवानी शंकर मोदी, डी.एन. तुलस्यान, सीए जिम्मी मोदी, हरीश तुलस्यान, सम्पत्त चुडैलेवाला, मुकेश गुप्ता, आनन्द मित्तल, आशिष जालान सहित अन्य सदस्यो का सराहनिय प्रयास रहा।

संस्कारवान शिक्षा जरूरी- डॉ. बबीता

माई झुन्झुनू 16 फर.। श्री बंधे के बालाजी के पास संचालित श्री सांई बाबा विद्यापीठ में शनिवार को नोरंगराम दयानंद ढूकिया शिक्षक प्रशिक्षक महाविद्यालय के छात्र-छात्रा अध्यापिका द्वारा ब्लॉक टीचिंग कार्यक्रम के समापन पर समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि शिव डेंटल प्राकृतिक चिकित्सालय की निदेशक डॉ. बबीता कुमावत ने कहा कि बच्चों को संस्कारवान शिक्षा की जरूरत है। बच्चों को किताबी ज्ञान के अलावा व्यावहारिक ज्ञान भी देना चाहिये जिससे की बच्चे का सर्वांगीण विकास हो सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता नत्थूसिंह ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि सुरेश शर्मा थे। समारोह में प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर नीलकंठ टी.टी. कॉलेज के छात्र-छात्रा अध्यापिका एवं व्याख्याता भी मौजूद थे। सर्वोदय संस्थान, नयासर के दिनेश शर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

पी.एल.जालान को विभिन्न संगठनो ने दी श्रद्वांजली

झुंझनूं 15 फरवरी। झुंझनूं निवासी देहली प्रवासी शहर की विभिन्न स्वंयसेवी संस्थाओ से सक्रिय रुप से जुडे हुए मैनेजमेन्ट पर व्याख्यान देने मे महारथी पी.एल.जालान का शुक्रवार को देहली में आकस्मिक निधन हो गया जिनकी श्रद्वांजली सभा का आयोजन झुंझनूं स्थित अग्रसेन भवन मे किया गया। जालान परिवार के नरोत्तम लाल, नन्दकिशोर, शंकर लाल, विनोद कुमार, रामनिवास, परमेश्वर लाल, पवन कुमार ने जालान के निधन पर अपने प्रतिष्ठान बन्द कर शोक प्रकट किया। श्रद्वांजली सभा में परिवार के सदस्यो के अलावा शहर के महाराजा अग्रसेन शिक्षा एंव जनकल्याण ट्रस्ट, अग्रवाल समाज, लायन्स क्लब झुंझनूं, मारवाडी युवा मंच, महावीर इन्टरनेशनल, रोटरी क्लब, गल्ला व्यापार संध, वस्त्र व्यापार संध, गौपाल गौशाला, प्रभात फेरी, आर्ट आफ लिविंग, आदर्श बाल निकेतन, जीबी मोदी स्कूल, जिला अग्रवाल सम्मेमलन सहित विभिन्न संस्थाओ के पदाधिकारी एंव सदस्य, डॉक्टर्स, एडवोकेट आदिजन बडी संख्या मे उपस्थित थे।

जे. जे. टी यूनिवर्सिटी में पुरस्कार वितरण

माई झु.न्यूज। जे. जे. टी यूनिवर्सिटी चुडैला में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन श्री विनोद जी टीबडेवाल चांलसलर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न किया गया। यह पुरस्कार समारोह पूर्व में आयोजित अन्तविद्यालयी प्रतियोगिता में विजयी रहे बच्चों के लिये था।

कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलो से पधारे बच्चों जिसमें जय पब्लिक स्कूल, श्री चावो दादी विद्या कुज, एस एस. मोदी विद्या विहार, रा. मा. वि. एवं अन्य विद्यालयों के भी के छात्र छात्रायें शामिल रहे। कार्यक्रम में वाइस चासंलर डी डी अग्रवाल ने भी बच्चों का पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में इरषाद फारुकी, हसन संजरी, प्रमीला जांगीड, आरीफपरवेज, अनिता कुमारी, एस. एस. मोदी स्कूल प्राचार्य अरविन्द त्रिपाठी, मनोज मीणा, इकराम कुरैसी, आलोक, चावो दादी स्कूल से श्रीकांत सारस्वत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डा. स्नेहलता शेखावत द्वारा किया गया।

श्री नारायणी टैक्स टाईल्स का शुभारम्भ

माई झुं. 1 फर. । टीबड़ेवाला मार्केट में प्रथम मंजील पर ई-116 दुकान में श्री नारायणी टैक्सटाईल्स का शुभारम्भ मंगलवार प्रात: 9:15 बजे किया गया। पंडित वेदप्रकाश शर्मा के आचार्यत्व में श्री नारायणी टैक्सटाईल्स के संचालक जालान परिवार ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। पंकज परमेश्वर जालान एवं संजय जालान ने बताया कि उक्त प्रतिष्ठान पर साड़ियों का थोक विक्रय का कार्य किया जायेगा।

पाठ्य एवं लेखन सामग्री का वितरण

माई झुं. न्यूज । मुरारका एजुकेशन ट्रस्ट झुंझुनूं के आर्थिक सहयोग से लायन्स क्लब झुंझुनूं द्वारा राजकीय रेगरपुरा स्कूल में सभी 140 बच्चों को कॉपियां, पेन, पैंसील का वितरण किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रशिक्षण हेतु आये हुए बीए के लगभग 50 प्रशिक्षुओं को भी ट्रस्ट द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप एक-एक पेन भेंट किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रांतपाल लायन श्रवण केजड़ीवाल ने सभी अध्यापकों, प्रशिक्षओं एवं बच्चों को मन लगाकर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढने का आह्वान किया।

क्लब अध्यक्ष प्रताप स्वामी ने सभी का स्वागत किया तथा क्लब गतिविधियों के बारे में बताया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद दिलीप, जोन चेयरपरसन डॉ. एन.एस. नरूका, सचिव विश्वनाथ सोनी, संयोजक अशोक सोनी, ओमप्रकाश जांगिड़, अमरनाथ जांगिड़, नरेन्द्र व्यास एवं मोहल्ले के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे। अध्यक्ष ने बताया कि मुरारका एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा 31 मार्च को एक नि:शुल्क मधुमेह जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया जायेगा।

एस. एस. मोदी विद्या विहार का छात्र हिमांशु प्रथम

माई झुं.न्यूज। रोड़ न. 2 पर स्थित एस. एस. मोदी विद्या विहार के छात्र हिमांशु ने खण्ड स्तरीय राज्य विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा में पूरे जिले में प्रथम प्राप्त करके अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस विषय में विद्यालय प्राचायज़ अरविन्द त्रिपाठी ने बताया कि राज्य विज्ञान प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में सर्वाधिक अंक प्राप्त करकें जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं अगले चरण के लिए जिले का प्रतिनिधित्व करने बीकानेर जायेगा। विद्यालय के इस होनहार छात्र को उसकी शानदार उपलब्धी पर विद्यालय प्रषासन, अध्यापकगण, अभिभावकगण एवं छात्रों ने बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष मित्तल का झुंझनूं में स्वागत

झुंझनूं 19 फरवरी। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष, वैश्य संसार के मानद सलाहकार प्रदीप मित्तल का झुंझनूं में सोमवार सांयकाल मोदी रोड स्थित केजडीवाल निवास पर स्वागत किया गया। मित्तल झुझनूं विशाल बाजोरिया एंव धनन्जय गोयल के साथ अपने निजी कार्य से झुंझनूं आये थे। केजडीवाल निवास पर मित्तल का स्वागत श्रवणकुमार केजडीवाल, डी.एन. तुलस्यान एंव ताराचन्द गुप्ता ने किया।

जेबी शाह में मिस फेयरवेल अंजू डूडी

माई झुं. न्यूज । जेबी शाह गर्ल्स महाविद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया जिसमें फेयरवेल विद्यार्थियों को तिलक कर गिफ्ट देकर सम्मान किया गया। मिस फेयरवेल अंजू डूडी बीए तृतीय प्रथम रनर अप आशीष चौधरी, बीए तृतीय द्वितीय रनर अप आशा मारवाल बीए तृतीय रही। कार्यक्रम का संचालन रिबू चौधरी, डिम्पल जांगिड़ एवं रीबना सिलाइच ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रोहताश मलिक ने सांस्कृतक कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए इन्चार्ज श्रीमती सुलेखा शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित किया। व्याख्याता श्रीमती शशि मोरोलिया, डॉ. सुदेश त्यागी एवं श्रीमती कविता नूनिया ने निर्णायक गण की भूमिका निभाई।

श्री जगदीश प्रसाद झाबरमल टिबड़ेवाला विश्वविद्यालय
चूरू रोड़ चुड़ेला, जिला झुंझुनूं

हार्दिक आभार

विश्वविद्यालय के
प्रथम दीक्षांत समारोह
में सहयोग प्रदान कर सफल बनाने के लिए शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, अधिकारीगण, शिक्षण संस्थाओं, मिडिया के प्रतिनिधिगण, विश्वविद्यालय स्टॉफ व कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथिगणों एवं सहयोग कर्ताओं का कोटि-कोटि आभार एवं धन्यवाद।

चांसलर
डॉ. विनोद टिबड़ेवाला
जे.जे.टी. युनिवर्सिटी, चुड़ेला (झुंझुनूं)

Applications are invited for the following Posts from candidates having qualification Masters with Ph.D. need apply. Candidates desirous of living in jhunjhunu/Bisau need apply.

Professor, Associate professor and Assistant professor in the Faculty of Engg. (Mechanical, Civil, Electronics, Computer), Physical Education, Education, Mathematics, Physics, Geography, Political Science, Fine Arts, Economics, Commerce, management.

Diploma and degree holders can apply for Laboratory Assistant in Machanical, Civil, Computer, Electronics and workshop

upper age limit is 60 Years.

Admission (Session for 2013-2014)

Ph.D.

Eligibility: 55% marks in the P.G. Degree in the respective subjects. Qualified CA, ICWA, CS and CFA are also eligible.

(Ph.D. Intergrated For Graduates Who want to pursue PG & Ph.D. simultaneously)

Eligibility : A candidate should have at least 45% marks or equivalent CGPA in graduation or qualifying examination.

Entrance Test Exempted for NET/SLET Qualified

Ph. : 01595-513101, 513107, 09819695239, 09820870624, 09323973505, 08104883365

Think Ph.D., Join JJTU

Jhunjhunu-Churu Road, Vidyanagri, Chudela
Dist. Jhunjhunu, Rajasthan-333001